चार लोगों को नया जीवन दे गई कंवराई देवी

जोधपुर एम्स में हुआ अंगदान, एक किडनी और हृदय प्रत्यारोपण जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में हुआ

जयपुर (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के कार्य को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। शनिवार को प्रदेश में एक और अंगदान हुआ। एम्स जोधपुर में एक ब्रेन डेड मरीज के अंग दान किये गए।

जैतारण निवासी 46 वर्षीय कंवराई देवी गत 28 अगस्त को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं थी। उन्हें

- **जबकि एक किडनी एम्स जोधपुर में तथा लीवर को जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में मरीज को प्रत्यारोपित किया गया**

उपचार के लिए एम्स जोधपुर के आपातकालीन विभाग में लाया गया। चिकित्सा प्रयासों के बावजूद 30 अगस्त को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन की समझाइश के बाद साहस और करुणा का परिचय देते हुए कंवराई देवी के परिवार ने उनके अंगों को दान करने का निर्णय लिया। परिवार से लिखित सहमति प्राप्त होने के बाद अंगदान की प्रक्रिया शुरू की गई। संभावित प्राप्तकर्ताओं में प्रत्यारोपण के लिए दानकर्ता की किडनी, लीवर और हृदय को निकाला गया। एक किडनी एम्स जोधपुर को तथा दूसरी किडनी और हृदय एसएमएस अस्पताल जयपुर को तथा लीवर महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर को आवंटित किया गया।

अंगदान के बाद कंवराई देवी की पार्थिव देह को ससम्मान उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशन में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के इस मानवीय कार्य को मंजिल तक पहुंचाया गया। सिंह ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में अंगदान की मुहिम सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है और लोगों को नया जीवन मिल रहा है।

शुभ्रा सिंह ने बताया कि किडनी, लीवर और हृदय को पहले एम्स से जोधपुर एयरपोर्ट और फिर हवाई मार्ग से जयपुर भेजा गया। उसके बाद ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किडनी और हृदय को जयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से एसएमएस जयपुर तथा लीवर को महात्मा गाँधी अस्पताल जयपुर भेजा गया।

एसएमएस अस्पताल में वरिष्ठ प्रोफेसर सीटीवीएस डॉ. राजकुमार यादव एवं उनकी टीम ने हृदय प्रत्यारोपण तथा डॉ. शिवम प्रियदर्शी तथा डॉ. नीरज गंगवाल ने किडनी प्रत्यारोपण कर दो लोगों को नया जीवन दिया। महात्मा गांधी अस्पताल में डॉ. नमिष एन मेहता ने लीवर प्रत्यारोपण किया। ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया को एम्स जोधपुर के ऑर्गन ट्रांसप्लांट टीम द्वारा कार्यकारी निदेशक प्रो. जीडी पुरी, ट्रांसप्लांट टीम के अध्यक्ष प्रो. एएस संधू, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक झा और ट्रांस्प्लांट प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर डॉ शिव चरण नावरिया की देखरेख में सटीकता के साथ अंजाम दिया गया।

ऑर्गन रिट्रीवल प्रक्रिया के बाद शव को पूरे सम्मान और प्रतिष्ठा के साथ परिवार को सौंप दिया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान परिवार को अपनी आध्यात्मिक मान्यताओं का पालन करने का अवसर दिया गया। कंवराई देवी के परिजनों के जीवनदान के निर्णय, चिकित्सा पेशेवरों के समर्पण, एसएमएस अस्पताल और एम्स प्रशासन सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से चार लोगों को जीवन का उपहार मिला।

चार आरोपियों की जमानत डीजे ने रद्द की

जयपुर। जिले के सत्र न्यायालय ने रायसर थाना इलाके में घर में घुसकर सरिया, कुल्हाड़ी व लाठियों से एक परिवार पर जानलेवा हमला और छेड़छाड़ से जुडे 4 आरोपियों को जमवारामगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से 15 जुलाई 2024 को दी गई जमानत आदेश रद्द कर दिया है।

सत्र न्यायाधीश अजीत कुमार हिंगर ने कहा कि मजिस्ट्रेट ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर आरोपियों को जमानत पर छोडने का आदेश दिया है। इस आदेश को विधि सम्मत नहीं कहा जा सकता। इसलिए मजिस्ट्रेट के आदेश को निरस्त कर आरोपियों को निर्देश दिए जाते हैं कि वह मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हो और मजिस्ट्रेट उन्हें पुलिस थाना रायसर में दर्ज केस में पुनः जेल में दाखिल कराए।

अदालत ने यह आदेश आरोपियों की जमानत रद्द करने के प्रार्थना पत्र पर दिए।

पेपर लीक मामले में 5 और ट्रेनी एस.आई. को एस.ओ.जी. ने हिरासत में लिया

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 के पेपर लीक मामले में एसओजी लगातार कार्रवाई कर रही है। इससे पेपर लीक के जरिए नकल कर थानेदार बने ट्रेनी थानेदारों में हड़कंप मचा हुआ है। एसओजी नकलची ट्रेनी थानेदारों को चुन-चुनकर शिकंजे में ले रही है। शनिवार को एसओजी ने आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। एसओजी इन ट्रेनी एसआई से पूछताछ कर रही है। ट्रेनी एसआई में 3 पुरूष और दो महिला शामिल है। एसओजी ने आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका के बेटे व बेटी को भी पकड़ा है। दोनों ने एसआई भर्ती में अच्छी रैंक प्राप्त की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसओजी की टीम आज सुबह करीब 11

- **अब तक 33 ट्रेनी एसआई और 17 नकल माफिया गिरफ्तार**

बजे राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची और पूर्व की जांच के आधार पर वहां पर ट्रेनिंग कर रहे पांच एसआई को हिरासत में ले लिया। इनको एसओजी कार्यालय लाकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद इनकों अरेस्ट किया जा सकता है।

एसओजी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को आरपीए से पांच ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया है। अब तक की जांच में मिले तथ्यों को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों के मिलान के बाद आरोपियों को अरेस्ट किया जाएगा। हिरासत में लिए गए ट्रेनी एसआई में आरपीएससी के पूर्व मेम्बर रामू राम राईका का बेटा- बेटी भी शामिल है। एसओजी सूत्रों की मानें तो एसआईटी के गठन के बाद फरवरी-मार्च के महीने से एसआई पेपर लीक भर्ती परीक्षा में लिप्त नकलची थानेदारों और नकल माफिया की धरपकड़ करना शुरू कर दिया था जो कि लगातार जारी है। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में अब तक कुल 33 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार हो चुके हैं। इनमें एक की जमानत हो गई, बाकी जेल में हैं। इसके अलावा तीन ऐसे गिरफ्तार आरोपी हैं, जिन्होंने एसआई भर्ती में चयन के बावजूद सर्विस ज्वॉइन नहीं की। इनके अलावा जगदीश बिश्नोई, ओमप्रकाश ढाका, हर्षवर्धन सिंह और पौरव कालेर सहित 19 नकल माफियाओं को भी एसओजी गिरफ्तार कर चुकी है।

राष्ट्र निर्माण में बनें सहयोगी युवा : बागड़े

जयपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य की अगुवाई में स्काउट गाइड शिष्टमंडल ने राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को संरक्षक बैज से अलंकृत करते हुए शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राजस्थान भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राज्यपाल को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के संरक्षक बैज से अलंकृत किया। इससे पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने स्मृति चिन्ह, राज्य आयुक्त डॉ. अखिल शुक्ला ने पुष्प गुच्छ व राज्य सचिव डॉक्टर पी.सी. जैन ने स्कार्फ पहना कर राज्यपाल का स्वागत व अभिनंदन किया।

राज्यपाल बागडे ने स्काउटिंग द्वारा प्रदेश में किए जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करने और राष्ट्र को

राजस्थान भारत स्काउट व गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राज्यपाल को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के संरक्षक बैज से अलंकृत किया।

मजबूत बनाने में ऐसे ही सह-शैक्षिक संगठन की आवश्यकता है। बागडे ने कहा कि देश की समृद्धि के लिए युवा युवतियों को राष्ट्र निर्माण में सहयोगी बनना होगा।

इस अवसर पर आर्य ने राज्यपाल को स्काउट गाइड संगठन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रदेश की अभिनव व नवीन गतिविधियों एवं प्रदेश के स्काउट एवं गाइड्स द्वारा सुगम मतदान, पर्यावरण चेतना, सघन वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि में किए जा रहे विशिष्ट कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य, राज्य आयुक्त डॉ. अखिल शुक्ला, राज्य सचिव डॉ. पी.सी. जैन, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बन्ना लाल, सुयश लोढ़ा उपस्थित थे।

बेहतर सड़कों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मज़बूत होगी : दिया कुमारी

जयपुर। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत की लगभग 408 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को मंजूरी प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति में यह स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क मज़बूत होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी। गांवों की शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी होने से किसान अपने उत्पाद बड़े बाज़ारों में बेच सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया की इस स्वीकृति से नागौर ज़िले के खींवसर विधानसभा क्षेत्र में 27.81 करोड़ रू की लागत से 89.7 किमी लंबाई की,देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 40.37 करोड़ रु की लागत से 86.1 किमी लंबाई की, झुनझुनु विधानसभा क्षेत्र में 26.32 करोड़ रू की लागत से 93.15 किमी लंबाई की,चौरासी विधानसभा क्षेत्र में

- **प्रदेश में 140 किमी लंबाई की ग्रामीण सड़कें स्वीकृत**

24करोड़ रू की लागत से 40.3 किमी लंबाई की ,मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में 18.93 करोड़ रू की लागत से 29.73 किमी लंबाई की तथा टोंक विधानसभा क्षेत्र में 2.2करोड़ रू की लागत से 4.45 किमी लंबाई की ग्रामीण सड़कों को निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त माण्डल भीलवाड़ा हरिपुरा चौराहे से देवगढ़ जिला राजसमंद तक की 62 किमी सड़क को फोर लेन करने की डीपीआर बनाने के लिए 2 करोड़, रामगंजमंडी रिंग रोड की डीपीआर के लिए 1.25 करोड़ , प्रतापगढ़ के पश्चिमी भाग में बाइपास चित्तौड़गढ़ रोड से धरियावद रोड होते हुए बाँसवाड़ा रोड तक अद्धचंद्राकार रिंग रोड की डीपीआर के लिए एक करोड़, कोटड़ा से देवला रोड को चार लेन करने की डीपीआर लिए 1. 25 करोड़, भरतपुर- अलवर मार्ग को चार लेन करने की डीपीआर के लिए 2 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

गोदारा बने प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंहडोटासरा ने कार्यकारिणी कावित्तार करते हुए रायसिंह गोदारा को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस का प्रवक्ता नियुक्त किया है। गोदारा इससे पहले प्रदेश कांग्रेस सेवादल में लंबे समय तक पदाधिकारी रह चुके हैं।

हिस्ट्रीशीटर को थाने में प्रताड़ित करने पर जवाब मांगा

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने झोटवाडा थाने के हिस्ट्रीशीटर को पुलिस हिरासत के दौरान प्रताडित और अमानवीय कृत्य करने से जुड़े मामले में मुख्य सचिव, एसीएस होम, डीजीपी, पुलिस कमिश्नर, डीसीपी पश्चिम और चित्रकूट थानाधिकारी से जवाब मांगा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश उजागर सिंह की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता मिथिलेश कुमार ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को गत दिनों पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार कर चित्रकूट थाने में रखा था। यहां उसे नग्न कर प्रताड़ित किया गया। इस दौरान उससे पुलिस से जुड़े और भविष्य में अपराध नहीं करने को लेकर नारे लगाए गए। वहीं इसका 17 सेकंड का वीडियो भी बनाया गया। जिसे बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दीवार की खूंटी पर पुलिसकर्मियों की वर्दी भी टंगी नगर आ रही है।

याचिका में गुहार की गई कि मामले में दोषी पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा पीडित पक्ष को 15 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाए।

डॉ.पूनिया ने राघवाचार्य के अंतिम दर्शन किये

जयपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने हरियाणा से राजस्थान पहुंचकर सीकर जिले में स्थित रेवासा पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य महाराज के दुःखद निधन पर उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें नमन किया। डॉ. पूनिया ने कहा कि महान संत स्वामी राघवाचार्य का निधन एक युग का अंत है।

मीडिया विभाग जनहित से जुड़े पहलुओं को आमजन तक पहुंचाएं : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने विधानसभा उपचुनावों को लेकर मीडिया विभाग की आगामी रणनीति पर की चर्चा, पदाधिकारियों को दिए सुझाव

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया विभाग, आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग सहित प्रदेश कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया विभाग में न्यूज कटिंग, टीवी मॉनिटरिंग सहित अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुझाव दिए। भाजपा मीडिया प्रदेश संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को पार्टी के मीडिया विभाग की संपूर्ण कार्य प्रणाली से अवगत कराया। इस दौरान राठौड़ ने भाजपा के प्रवक्ताओं एवं पैनलिस्टों को टीवी डिबेट के दौरान भाजपा सरकार की योजनाओं को तथ्यों के साथ रखने और प्रभावी संवाद के संबंध में भी बताया। वहीं दूसरी ओर विधानसभा उपचुनावों को लेकर भाजपा मीडिया विभाग की आगामी रणनीति पर भी चर्चा की।

राठौड़ ने कहा कि मीडिया विभाग भाजपा सरकार के जनहित से जुड़े लोक कल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्य योजनाएं बनाए। राठौड़ कहा कि मीडिया विभाग प्रदेश में घटित घटनाक्रमों में सरकार द्वारा किए गए एक्शन पर भी चर्चा करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भाजपा के अंत्योदय के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया है। ऐसे में भाजपा मीडिया विभाग उपचुनावों में सरकार के इन कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। राठौड़ ने आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग में पहुंचकर टीम से कार्य प्रणाली जानी और कहा कि आज सोशल मीडिया का समय है। ऐसे में हमें समय के साथ चलते हुए आईटी एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना होगा। निरीक्षण के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा आईटी विभाग संयोजक अविनाश जोशी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, विकास सोमानी, पैनेलिस्ट विक्रम सैनी सहित मीडिया विभाग में कार्यरत भाजपा परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

उठावणा

हमारी पूजनीय माताजी
श्रीमती मदन कँवर भंसाली
(धर्मपत्नी स्व. श्री चंचल चंद भंसाली)
का आकस्मिक निधन 30.08.2024 को हो गया है उठावना आगमन-प्रस्थान 1.9.2024 को दोपहर 2.45 से 3.30 बजे तक दादाबाडी, मोती डूंगरी रोड, जयपुर में होगा।
शोकाकुलः श्रीपालचंद- मंजू, सिद्धार्थ-अंजिला, मनिता- स्व.उत्तमचंद, अरुण-ऋतु (पुत्र-पुत्रवधु), पुनीत- मनीषा, नितिन- रिकल, हेमत- निकिता, (पौत्र-पौत्रवधु), चिराग, हिमांशु (पौत्र), मनीता- हेमंत सा शर्मा (पौत्री-जवाई), रौशनी, दिवा, दिया (पौत्री), पीहर पक्ष- चंद्रशेखर, विनोद, कुलदीपक, हिमांशु, नमन, दक्ष बेटा- पोता स्व. सुरेन्द्रराजजी भंडारी जालोर। फर्मः- जिंगल बेल्स, सिंग-न-स्माइल, नाकोडा एयरकॉन, बास-न-ट्रेवल राजापार्क, जयपुर
8890768509, 9414076488, 9828012321, 9829599310

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

खोया पाया

मै कनन झालानी पुत्री श्री ओमप्रकाश गुप्ता निवासी, 12, शिल्प कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर राजस्थान ने शारदा विद्यामन्दिर, अम्बाबाडी, जयपुर से 12वीं (रोल नम्बर- 11664807) पास करने के बाद ट्री.सी. प्राप्त कर ली थी जो कहीं गुम हो गई है कृपया मिलने पर सूचित करें 9024791137

रूपेश शर्मा पुत्र श्री बाबूलाल शर्मा मेरा प्लाट नं. 84/240 RHB प्रताप नगर, सांगानेर में है। इसका मुल आवंटन पत्र खो गया है। मिलने पर सूचित करें:- 8947897260

मेरे मकान नं.16, राजहंस कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, जयपुर स्कीम नं.3 की शंकर भवन निर्माण सहकारी समिति द्वारा जारी रसीद कहीं गिर गई है। मिलने पर सूचित करें। गीता देवी पत्नी गोकुल बारी 9351324662

मेरा असल आधार कार्ड, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-लूनियावास की पासबुक, चैक बुक, पांच स्टाम्प, 15 पाई पेपर हस्ताक्षर शुदा मय अंगूठा निशानी 17.07.2024 को कहीं खो गये। मिलने पर सूचित करें। गनी खां पुत्र हाजी ईदू खां निवासी-चौपडा की ढाणी, खोहनागोरियान, जयपुर राजस्थान

नाम परिवर्तन

मैं सुशील कंवर पुत्री सुन्दर सिंह, निवासी झोटवाडा। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में सुशील कंवर नाम दर्ज है, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम सुशील कंवर चौधरी रख लिया है, जरिए राजस्थान गैजेट दिनांक 23 मई 2024, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

मैंने अपना नाम आरना शर्मा से बदलकर कमाक्षी शर्मा (Kamakshi Sharma) पुत्री श्री अनिल शर्मा निवासी-वार्ड नं.1 कोठोत्या की ढाणी नींदड, हरमाडा जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I Kumari Kiran D/O Army no 3191090P Ex NK bheenwa ram bugalia R/O S-1 B-75 vikas exalancy 3 kardhani scheme kalwar road govindpura jhotwara Jaipur have changed my name From KUMARI KIRAN is wrong entered in service record To KIRAN CHOUDHARY vide affidavit dated 30 aug 2024 before district notary Jaipur

I army no 1284380M Ex Siphai Hanuman Ram S/O Late pema ram R/O plot no 3 Shri Ram Nagar -B khirni phatak road jhotwara Jaipur have changed my wife name From LACHMI DEVI is wrong entered in service record To LAXMI DEVI vide affidavit dated 30 aug 2024 before district notary Jaipur

I have changed my name from Rudani Reenabahen Maheshbhai to Rina Ben Patel for all purposes R/o 110/B/714, 7th Floor Vyas Apartment, Pratap nagar, Jaipur

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि एक सम्पत्ति 3-झ-16, जवाहर नगर, जयपुर में स्थित है जिस पर मैने एवं मेरी माताजी श्रीमती दुर्गा देवी शर्मा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त वर्णित सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) कर रखे हैं। यह कि मेरी माताजी श्रीमती दुर्गा देवी शर्मा का दिनांक 13.09.2016 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है इसलिये अब मैं उक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहना हूं यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सी-25, भगवानदास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी स्कीम, जयपुर (फोन नंबर 0141-4140888) में सम्पर्क करें। सूचित रहें।
(जय प्रकाश शर्मा) निवासी 3-झ-16, जवाहर नगर, जयपुर. मो.-9549810017

AUCTION FOR SALE

Salvage disposal of **Fire affected Saree 10,271 nos. & Embroidery Border 26371 Mtr M/s NAMO FASHION SHOP NO. 308-309, THIRD FLOOR, CHAMPAWAT MARKET HALDIYON KA RASTA, JAIPUR-300203.** Interested buyers can inspect from **2nd Sep to 7th Sep** & participate in online auction along with **EMD Rs-1,00,000/-**
Auction will be held on 09th September 1:00pm to 2:00pm On our website:
www.salvagewealth.in
Auctioneer Details: Mrs. Neha Mehra 8130171575

अपील की सुनवाई के लिये नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)

न्यायालय पारिवारिक न्यायाधीश स्थान करौली अशोक सिंह विरूद्ध दिलीप वगै. अपील विरूद्ध 7.9 अपील नं. 11 सन् 2024 (3/24) अति. सिविल करौली न्यायाधीश के न्यायालय की तारीख 3.2.2024 को अपीलांट की अपील नाम अनिल शर्मा पुत्र चिरंजीलाल शर्मा जाति स्थान ग्राम अतेवा तह. व जिला करौली हाल आबाद नृसिंगपुरा, नारायण बिहार, मेट्रोल रोशन आतेव विला के पास, मानसरोवर जयपुर (राज.)।

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में अपीलांट की डिग्री की अपील नकल संलग्न है द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिये इस न्यायालय द्वारा ता. 05 माह 09 सन् 2024 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। वह आज तारीख 28 माह 08 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

आज्ञा से
(मुहर) वरिष्ठ मुंसरिम पारिवारिक न्यायालय करौली (राज.)

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री घासीलाल शर्मा निवासी डी 143, प्रेम नगर, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान के है। मेरे अभिभाष्य की पुत्रिया पुजा, ज्योति, पुनम है, जो कि मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने में नहीं है व उनका व्यवहार मेरे अभिभाष्य के प्रति अपेक्षित है, मेरा अभिभाष्य अपनी पुत्रीयो को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। आज के बाद भविष्य मे मेरे अभिभाष्य का अपनी पुत्रियो से किसी प्रकार का कोई भी सम्बन्ध व सरोकार नही रहेगा। जो भी कोई व्यक्ति संस्था, संगठन, इत्यादि मेरे अभिभाष्य की पुत्रियो से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करेगा तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा।
(सीमा शर्मा) एडवोकेट मो.-7740854178

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-टेन्डर निविदा
ट्रेन साइट वेडिंग आंवटन ठेका

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से जयपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर सिंगल-पैकट प्रणाली के तहत ट्रेन साइट वेडिंग के लिए आवंटन हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज के जमा व खुलने की तिथि एवं बयाना राशि का विवरण निम्नलिखित है:- **निविदा सूचना संख्या: (i) सी-45/1/टीएसवी/14715-16/जेपी डिवी. दि. 30-08-2024 (i) सी-45/1/टीएसवी/14734/जेपी डिवी. दि. 30-08-2024 कार्य का नाम:** (i) जयपुर मण्डल के जेपी-आरई-जेपी खण्ड पर गाडी संख्या 14715-16 (जेपी-एचएसआर-जेपी) में ट्रेन साइड वेडिंग (टीएसवी) का आवंटन। (ii) जयपुर मण्डल के जेपी-आरई खण्ड पर गाडी संख्या 14734 (जेपी-बीटीआई) में ट्रेन साइड वेडिंग (टीएसवी) का आवंटन। **कार्य की अनुमानित लागत:** आय ठेका **ठेके की अवधि:** छः माह **आरक्षित राशि (रूपये में):** (i) रूपये 656100/- (रूपये छः लाख छप्पन हजार सौ मात्र) छः माह की अवधि हेतु गाडी सं. 14715-16 के लिए. (ii) रूपये 166100/- (रूपये एक लाख छियासठ हजार सौ मात्र) छः माह की अवधि हेतु गाडी सं. 14734 के लिए. **बयाना राशि (रूपये में) जो कि केवल ऑनलाईन नेट बैकिंग तथा गेटवे पेमेन्ट से स्वीकार्य होगी:** (i) रूपये 13200/- (रूपये तेरह हजार दौ सौ मात्र) गाडी सं. 14715-16 के लिए. (ii) रूपये 3400/- (रूपये तीन हजार चार सौ मात्र) गाडी सं. 14734 के लिए. **टेण्डर फार्म की राशि (रूपये में):** रूपये 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) प्रत्येक निविदा फॉर्म के लिए अलग-अलग, अपरिदेय राशि जो कि ऑन लाईन, नेट बैकिंग तथा गेटवे पेमेन्ट से स्वीकार्य होगी **ई-टेन्डर फार्म जमा करवाने की तिथि व समय:** दिनांक 09.09.2024 को 15.15 बजे तक **ई-टेण्डर फार्म की राशि, बयाना राशि एवं टेण्डर फार्म जमा करवाने की साईट: www.ireps.gov.in** साईट पर मात्र **वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in**

1013-AJ/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल वहीद पुत्र श्री काले खॉ, आयु 49 वर्ष, निवासी-3535, बांदरी का नासिक, चौकडी रामचन्द्र जी, जयपुर, राजस्थान का पुत्र इमरान खान आयु-20 वर्ष मेरे अभिभाष्य के कहे में नही है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र को समस्त जायदाद से बेदखल कर दिया है यदि कोई व्यक्ति इससे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें। जयपुर।
दिनांक-3.8.24 (मोहम्मद अफजल) एडवोकेट मो.-9928520745

आम सूचना श्रवण कुमार नायक पुत्र श्री हरजीराम नायक, निवासी- रेन, तहसील-मेड़ता, जिला-नागौर (राजस्थान) ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि0, जयपुर की योजना राहुल सिटी, कालवाड रोड, जयपुर, भूखण्ड संख्या-358 व 359, कुल संयुक्त क्षेत्रफल 200 वर्गगज को स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत किया, साथ ही मूल आवंटी श्रीमती किरण का मृत्यु प्रमाण पत्र, भूखण्ड के मूल दस्तावेजात्, शपथ पत्र, समिति कार्यालय में प्रस्तुत किये तथा उक्त भूखण्ड को अपने विधिक वारिस होने की हैसियत से हस्तान्तरण हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें: अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्डों का नाम हस्तान्तरण श्रवण कुमार नायक के नाम जारी कर दिये जायेंगे, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नही होगा।
(हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट मोबाईल नं. 9314511091

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश स्थान करौली श्रीमति गोमती देवी वगै. विरूद्ध निरजंन लाल वगै. वाद बावत आदेशात्मक स्थाई निषेधज्ञा वाद सं. 22 सन् 2023
बनाम अभिनव पुत्र राजेन्द्र अग्रवाल जाति अग्रवाल स्थान गणेश पुरी कच्ची बस्ती सामुदायिक के पीछे, गलतागेट जयपुर तह. जि. जयपुर (राज.)
वादी ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिये बाद पंजीयत किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 10 माह 09 सन् 2024 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों, और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें, और या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस